# स्किल इंडिया द्वारा पावर सेक्टर में कौशल विकास के लिए पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित हुआ

- भारत और फ्रांस की सरकार पॉवर सेक्टर में पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए एक साथ आई
- केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और कौशल विकास राज्य मंत्री श्री आर के सिंह ने आर्थिक और वित्तीय मामलों के मंत्री, भारत और दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय आर्थिक विभाग के प्रमुख, श्री डैनियल मैत्रे की उपस्थिति में आज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया।
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा  प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसकी वार्षिक क्षमता 300+ होगी

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर, 2020:** एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता के अनुरूप, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा और युवा मंत्रालय, फ्रांसीसी गणराज्य और श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने आज, गुरुग्राम (हरियाणा) स्थित राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) के परिसर में पॉवर सेक्टर में कौशल विकास के लिए पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के उद्घाटन की घोषणा की।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के पास भविष्य की तकनीक को ध्यान में रखते हुए हाई-एंड माडर्न लैब हैं, जो ऊर्जा क्षेत्र में भारत और फ्रांस के संबंधों को और मजबूत बनाएंगी। केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री ,नई और नवीकरणीय ऊर्जा और कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्रीश्री राज कुमार सिंह ने आज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया जिसमें आर्थिक और वित्तीय मामलों के मंत्री-परामर्शदाता, भारत और दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय आर्थिक विभाग के प्रमुख श्री डैनियल मैत्रे, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सेंटर ऑफ़ एकसीलेंस की स्थापना एमएसडीई, शिक्षा मंत्रालय-फ्रांस और श्नाइडर इलेक्ट्रिक के बीच पहले किए गए एमओयू का परिणाम है। इसके अलावा, केंद्र की स्थापना के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC), श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया फाउंडेशन (SEIF), पावर सेक्टर स्किल काउंसिल (PSSC) और नेशनल

इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (NISE) के बीच एक ऑपरेशनल एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए और शक्ति एवं सौर के क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और कौशल विकास का कार्य करने का उत्तरदायित्व लिया गया।

**सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस का उद्घाटन करते हुए, श्री. राज कुमार सिंह, केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री (I / C), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा (I / C) और कौशल विकास राज्य मंत्री ने कहा,** "भारत आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए अक्षय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को कम करते हुए ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा पहुंच में सुधार करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है। भारत को दुनिया के नवीकरणीय ऊर्जा बाजार में शीर्ष पर आने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में कार्यबल के एक समृद्ध पूल के लिए इन सभी मांगों को प्राप्त करने में हमें सफलता मिल रही है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में सतत प्रयास, माननीय प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत 'के दर्शन को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उत्कृष्टता केंद्र को स्थापित करने के लिए फ्रांस सरकार के साथ हमारी साझेदारी, देशों के बीच लंबे समय तक ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग का एक और चमकदार उदाहरण है। "

सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस विद्युत, स्वचालन और सौर ऊर्जा क्षेत्र में उम्मीदवारों की रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु आगे के प्रशिक्षण के लिए अत्यधिक कुशल प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं का एक पूल बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस विद्युत और सौर क्षेत्र में ट्रेनर्स, इन्सट्रक्टर्स, असेसर्स के प्रशिक्षण और दूसरे हाईएंड प्रोग्राम के लिए प्रशिक्षण डिजाइन करने के साथ ही डिलीवर करेगा।

इस अवसर पर बोलते हुए, **श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीइओ और ग्रेटर इंडिया के जोन अध्यक्ष अनिल चौधरी** ने कहा कि, "एनएसडीसी, एनआईएसई और पीएसएससी के साथ साझेदारी में इस सेंटर के चालू होने पर मुझे प्रसन्नता हुई है और भारत में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की संकल्पना और डिजाइन का हिस्सा बनने के लिए और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए फ्रांस के राजदूत के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। हममें से प्रत्येक के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि हितधारक एक साथ आएं, सरकार के विज़न के साथ खुद को पहचानें और एक साथ जोड़ें ताकि स्किल गैप को कम करने और बिजली क्षेत्र के समग्र विकास को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकें"।

4,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में इस परियोजना को **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी** के परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए जमीन मिली है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस दो प्रयोगशालाओं से लैस होगा, जिसे श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने अपनी सीएसआर पहल के एक हिस्से के रूप में स्थापित किया है। एडवांस इलेक्ट्रीशियन लैब घर में प्रशिक्षण के लिए, भवन निर्माण के लिए, उद्योग स्थापित करने और स्वचालन के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए उपकरणों से सुसज्जित है। सोलर लैब सौर क्षेत्र में नवीनतम तकनीक पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के साथ ही, मूल्यांकनकर्ताओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू होगा जिसमें देशभर के प्रशिक्षक शामिल होंगे। इसके अलावा, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में युवाओं के प्रशिक्षण पर भी विचार किया जा रहा है। पावर सेक्टर स्किल काउंसिल, जो केंद्र के संचालन का प्रबंधन करेगा, उसने सीखने की सुविधा के लिए जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और डाउन स्ट्रीम के लिए भी अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न कार्य भूमिकाओं के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री विकसित की है। प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के डिजाइन और संकल्पना के लिए फ्रांस के शिक्षा विभाग ने तीन वर्षों के लिए एक विशेषज्ञ को भारत में नियुक्त किया है। उन्होंने इलेक्ट्रिकल डोमेन में लेआउट, दिशानिर्देशों और सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रस्ताव करके योगदान दिया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम सभी हितधारकों के लिए एक प्रशिक्षककर्ता रहा है और परियोजना के लिए पेशेवर मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

***

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय का गठन 9 नवंबर 2014 को भारत सरकार द्वारा देश में कौशल एवं रोजगार क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया गया था। अपनी स्थापना के बाद से, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने नीति-निर्माण, रूपरेखा और मानकों को औपचारिक बनाने; नए कार्यक्रमों और योजनाओं के शुभारंभ; नए बुनियादी ढांचों के निर्माण एवं मौजूदा संस्थानों के उन्नयन, राज्यों के साथ भागीदारी, उद्योगों के साथ समन्वय और कौशल के लिए सामाजिक स्वीकृति तथा आकांक्षाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण पहल और सुधार किए हैं। मंत्रालय का लक्ष्य कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच की खाई को पाटना है, न केवल

मौजूदा नौकरियों के लिए बल्कि उन नौकरियों के लिए भी जिनका भविष्य में सृजन किया जाना है। अब तक, कौशल भारत के तहत तीन करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अपने सबसे प्रमुख कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-2020 के तहत, मंत्रालय ने अब तक 92 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है।

**कौशल विकास के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए लिंक का अनुसरण करें:**

फेसबुक : www.facebook.com/SkillIndiaOfficial;

ट्विटर: @MSDESkillIndia;

यूट्यूब - https://www.youtube.com/channel/UCzNfVNX5yLEUhIRNZJKniHg